

## रिकी पॉन्टिंग ने शेयर किया 2003 वर्ल्ड कप फाइनल का बैट, भारतीय फैंस बोले– स्प्रिंग दिखाइए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के प्रकोप से बचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कैप्टन रिकी पॉन्टिंग भी अपने घर पर समय बिता रहे हैं। उन्होंने सोमवार को एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की जिस पर भारतीय फैंस ने उन्हीं से मजे लिए। पॉन्टिंग की इस तस्वीर में एक बैट नजर आ रहा हैं जिसका इस्तेमाल उन्होंने 2003 वर्ल्ड कप फाइनल में किया था। पॉन्टिंग ने इसी के साथ लिखा, हम घर पर हैं और इसलिए हमारे पास काफी वक्त है, इसलिए सोचा कि आपके साथ करियर की कुछ बातें शेयर की जाएं। ये वो बैट है, जिसका इस्तेमाल 2003 वर्ल्ड कप फाइनल में किया था। इस पर भारतीय फैंस ने जवाब लिखने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा, इसे काटकर दिखाइए, हम भारतीयों को लगता है कि इसमें स्प्रिंग लगी है। वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा, 90 के दशक का हर भारतीय इसमें स्प्रिंग खोज रहा होगा। आईसीसी ने भी पॉन्टिंग के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए एक विडियो क्लिप शेयर की जो वर्ल्ड कप फाइनल की है। तब भारत को 126 रनों से हराकर ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियन बनी थी।

# तोक्यो ओलिंपिक स्थगित करने पर विचार कर रहा आईओसी

**कोरोना**

### कनाडा ने किया ऐलान– कोरोना वायरस के चलते वह तोक्यो ओलिंपिक में नहीं लेगा भाग

- कई खेल संगठन और समितिया आईओसी पर पहले से ही बना रही हैं स्थगित करने का दबाव
- ओलिंपिक खेलों से जुड़े अहम पक्षकारों से चर्चा कर 4 सप्ताह के भीतर आईओसी लेगा फैसला
- कनाडा के बाद अन्य देश भी अपने ऐथलीट्स की सुरक्षा के लिए कर सकते हैं बहिष्कार का ऐलान



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लुसाने। आईओसी तोक्यो ओलिंपिक को स्थगित करने पर 4 सप्ताह के भीतर फैसला लेगी, जबकि कनाडा ने साफ कह दिया है कि वह इन खेलों में अपना दल नहीं भेजेगा। आईओसी जापान सरकार, वैश्विक खेल अधिकारियों, प्रसारकों और प्रायोजकों से बात करके फैसला लेगा। ओलिंपिक 24 जुलाई से शुरू होने हैं।

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने खिलाड़ियों को पत्र लिखकर बताया है कि इस फैसले में इतना समय क्यों लग रहा है।

उन्होंने लिखा, मैं जानता हूं कि इस अभूतपूर्व स्थिति में आपके जेहन में कई सवाल होंगे। मैं जानता हूं कि इस जज्बाती समय में इस तरह का व्यवहारिक रवैया आपको सही नहीं लगेगा। इस बीच विश्व ऐथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कू ने बाक को पत्र लिखकर कहा है कि जुलाई में ओलिंपिक करना ना तो संभव है और ना ही उचित।

कू ने कहा, कोई भी नहीं चाहता कि ओलिंपिक स्थगित हों लेकिन हम खिलाड़ियों की सुरक्षा की कीमत पर खेल नहीं करा सकते। कनाडा ओलिंपिक समिति ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों को इस साल ओलिंपिक में नहीं भेजेगी और खेल कम से कम एक साल के लिए टलने चाहिए। इसने एक बयान में कहा, ओलिंपिक पर फैसला तुरंत आना चाहिए। ऐसे समय में खिलाड़ियों के लिए अभ्यास करना भी सुरक्षित नहीं है।

जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने भी आईओसी से इस पर तुरंत फैसला लेने को कहा है। आईओसी अब तक लगातार कहती आई है कि खेल 24 जुलाई से शुरू होंगे हालांकि कोविड 19 के चलते दुनिया भर में टूर्नामेंट रद्द हो गए हैं। चारों ओर से हो रही निंदा के बाद आईओसी ने आखिरकार स्वीकार किया कि ओलिंपिक स्थगित करने की संभावना पर विचार हो सकता है। ब्राजील और स्लोवेनिया की ओलिंपिक समिति ने भी कहा है कि इन हालात में वे अपने खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए नहीं भेज सकते।

## कोरोना वायरस पर शोएब अख्तर बोले– इंडिया से सीखें पाकिस्तान के लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पाकिस्तान में कोरोना वायरस कोविड– 19 महामारी के प्रकोप ने रफ्तार पकड़ ली है। यहां अब तक 799 केस पॉजिटिव पाए गए हैं और 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मौके पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग इस घातक वायरस के इतना गंभीर रूप लेने के बाद भी चौकन्ने नहीं हैं और वे बेधड़क झुंड बनाकर कहीं भी आ–जा रहे हैं। लोगों को संभलना चाहिए और खुद को लॉकडाउन करना चाहिए।

रावलपिंडी एक्सप्रेस ने कहा कि इस मामले में हमें इंडिया से सीख लेने की जरूरत है। वहां कर्फ्यू लगा है लोगों ने खुद को अपनी मर्जी से लॉकडाउन किया हुआ है। बांग्लादेश और रवांडा जैसे मुल्क भी इस घातक बीमारी पर अच्छा काम कर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान के लोगों में डर ही नहीं है। यहां एक–एक बाइक पर चार–चार लोग बैठकर घूम रहे हैं। लोग पहाड़ों पर पिक्निक मनाने जा रहे हैं।


अख्तर ने कहा कि पंजाब (पाकिस्तान प्रांत) सरकार को यहां हालात पर काबू पाने के लिए कर्फ्यू लगाना चाहिए। यहां रेस्तरां रात 10–10 बजे तक खुल रहे हैं। लोग एक–दूसरे के घर में दावतों के लिए जा रहे हैं। अख्तर ने लोगों से अपील की वे वक्त की नजाकत को समझें और दो सप्ताह के लिए सबसे मिलना–जुलना बंद करें ताकि इस वायरस को प्रभावहीन किया जा सके।

इस तेज गेंदबाज ने बताया कि लोगों को समझना चाहिए कि इस बीमारी के 90 फीसदी मामले लोगों के संपर्क में आने से ही सामने आए हैं। ऐसे में लोगों को संपर्क में आने से बचना चाहिए और दो सप्ताह घर में रहने की आदत डालनी चाहिए।

## वर्क फ्रॉम होम करेंगे आईसीसी के ज्यादातर कर्मचारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण अपने ज्यादातर कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की नीति बनाई है। अध्यक्ष शशांक मनोहर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनु साहनी के अलावा आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर इस वायरस के संक्रमण के कारण प्रभावित होने वाले क्रिकेट कैलेंडर को लेकर विडियो कॉन्फ्रेंस करने की तैयारी कर रहे हैं। इस वैश्विक इकाई ने हालांकि इस योजना के लिए कोई समय नहीं तय किया है। आईसीसी एक प्रवक्ता ने कहा, दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह आईसीसी भी अधिकारियों के दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है और अब हमारे ज्यादातर कर्मचारी घर से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता कर्मचारियों के काम को प्रभावित किए बिना स्वास्थ्य की रक्षा करना है। हमारी टीम के पास घर से काम करने की क्षमता है, जिससे हम अपने कर्मचारियों, उनके परिवारों और व्यापक समुदायों को सुरक्षित रखते हुए पूरी तरह से कार्य कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### जिंदगी रही तो ही ओलिंपिक खेल पाएंगेः बजरंग पूनिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ओलिंपिक की तैयारियों में जुटे भारत के कद्दावर पहलवान बजरंग पूनिया भी इन दिनों दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस से चिंतित हैं। इस रेसलर ने भी कोरोना के चलते आगामी तोक्यो ओलिंपिक को टालने की बात कही है। इस पहलवान ने कहा अगर जिंदगी रही तो ओलिंपिक खेल पाएंगे। बजरंग तोक्यो ओलिंपिक में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में एक हैं। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित इस पहलवान ने बातचीत में कहा, शफिलहाल जिस तरह चीजें चल रही हैं ऐसे में बेहतर यही है कि ओलिंपिक खेलों को टाल दिया जाए। यह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं बल्कि दुनिया भर के ऐथलीट्स के लिए बेहतर फैसला होगा। यह सभी के लिए मुश्किल क्षण हैं। 65 किलो वर्ग में दुनिया के श्रेष्ठ पहलवानों में शुमार इस रेसलर ने कहा, अगर आईओसी तय शेड्यूल पर ही आगे बढ़ता है और दूसरे देश भी इसमें (ओलिंपिक) हिस्सा लेने आते हैं, तब हमें भी भाग लेना होगा।

### शिखर धवन ने रैप गाकर बताया– कोरोना को यूं देंगे चीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रविवार को पूरे देश में कोरोना के खिलाफ जंग के लिए श्जनता कर्फ्यूश था। 14 घंटे लंबे सेहत के इस कर्फ्यू को सभी ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान कई सिलेब्रिटी सोशल मीडिया के जरिए अपने घर पर रहने की तस्वीरें और विडियो पोस्ट करते हुए लोगों का हौसला बढ़ाते दिखे। टीम इंडिया के ओपनिंग बल्लेबाज शिखर धनव ने तो रैप गाकर कोरोना को चीर कर रख देने की बात कही है। बता दें इस बीच श्जनता कर्फ्यूश के बाद अब दिल्ली एनसीआर समेत देश के 17 राज्यों में 31 मार्च तक पूरी तरह लॉकडाउन घोषित कर दिया गया है। यहां सिर्फ जरूरी सामान के अलावा किसी को भी खुले में बेवजह घूमने पर पाबंदी लगाई गई है। इन राज्यों में धारा 144 लागू कर दी गई है।

### ब्रिटेन से स्वदेश लौटने के बाद संगकारा ने आइसोलेशन में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा ने कहा है कि उन्होंने फिलहाल खुद को अलग कर लिया है। कोविड– 19 के चलते श्रीलंका सरकार ने भी निर्देश दिए हैं कि यूरोप से लौटने वाले नागरिक खुद को अलग कर लें। सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन (भ्) के इस हेल्थ प्रोटोकॉल के तहत संगकारा ने खुद को सेल्फ क्वॉरंटाइन किया है। संगकारा ने न्यूज फर्स्ट से कहा, मुझमें कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं लेकिन मैं सरकार के निर्देशों का पालन कर रहा हूं। उन्होंने कहा, श्मैं एक सप्ताह पहले लंदन से आया और मैने देखा कि एक से 15 मार्च के भीतर विदेश से आने वालों के लिए पुलिस के पास रजिस्ट्रेशन कराना और खुद को अलग करना जरूरी है। मैंने पुलिस के पास रजिस्ट्रेशन करा लिया है। संगकारा और पूर्वकप्तान महेला जयवर्धने सोशल मीडिया पर लोगों को घबराहट से बचने और सामाजिक दूरी बनाए रखने का आग्रह कर रहे हैं। श्रीलंका में कोविड– 19 के 80 मामले पॉजिटिव मिले हैं।

### टिकटॉक विडियो में क्रिकेटर यूसुफ पठान ने भाई इरफान को बताया– अजनबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से बचाव के लिए खेल जगत की दिग्गज हस्तियां सेल्फ–आइसोलेशन में हैं और घर पर समय बिता रही हैं। इसी में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान भी शामिल हैं। इरफा ने रविवार को एक विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह अपने भाई यूसुफ पठान के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। 35 साल के इरफान का यह विडियो टिकटॉक का है जिसे उन्होंने ट्विटर पर भी शेयर किया। उन्होंने इस विडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, जनता कर्फ्यू का आनंद ले रहे हुए। उन्होंने साथ ही अपने भाई ऑलराउंडर यूसुफ पठान को भी टैग किया। विडियो में यूसुफ एक कुर्सी पर बैठे हुए हैं और इरफान उनसे हाथ मिलाने की कोशिश करते हैं जिस पर यूसुफ उन्हें अजनबी बताते हैं।